

आईपीएल में मिलते हैं कई मौके

आईपीएल में टीमों को 14 मैच मिलते हैं। इस दौरान उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। रामजी ने कहा, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप में एक या दो बुरे दिन और इससे इवेंट में आपका सफर समाप्त हो जाता है। ऐसा हमारे साथ 2009-12 के दौरान हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार इस फॉर्मेट में खेलते रहने से खिलाड़ियों को काफी थकान भी हो जाती है।

## टीम इंडिया के लिए हार का परफेक्ट मसाला?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग असल में टी20 वर्ल्ड के लिए सही मायनों में तैयारी का एक मंच होना चाहिए। लेकिन, तस्वीर जरा अलग है। जब भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप के नॉक आउट के लिए क्वॉलिफाइ नहीं कर पाई है तो हर बार उसने वर्ल्ड कप से पहले आईपीएल में भाग लिया है। वहीं साल 2007 में जब उसने खिताब जीता, तब आईपीएल नहीं था। वहीं साल 2014 और 2016 जब टीम क्रमशः सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंची है, तो वर्ल्ड कप के फौरन बाद आईपीएल हुआ था। टीम इंडिया के पूर्व ट्रेनर रामजी श्रीनिवासन, जो 2009-13 के बीच भारतीय टीम के साथ थे, ने तीन मुद्दों पर ध्यान दिलाया है। खिलाड़ी, टी20 वर्ल्ड कप से पहले ही अपने खेल के चरम पर पहुंच जाते हैं। नए इवेंट में खुद को ढाल नहीं पाते जहां एक लंबी लीग के मुकाबले गलती करने की गुंजाइश बहुत कम है। और तीसरा, थकान। रामजी ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, खिलाड़ी फ्रैंचाइजी लीग में अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करते हैं और आईपीएल के अंतिम चरण में अपने खेल के सर्वश्रेष्ठ मुकाम पर पहुंच जाते हैं।

# फरवरी में करूंगा क्रिकेट पिच पर वापसी, फैंस ने लगाया कयास

### 39 साल के युवराज ने इंस्टाग्राम पर धमाकेदार पोस्ट किया

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। युवराज सिंह ने साल 2019 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को सीमित ओवरों के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर्स में गिना जाता था। उनकी बल्लेबाजी कमाल थी और गेंदबाजी में भी वह बहुत उपयोगी खिलाड़ी थे। हालांकि युवराज के करियर का गोल्डन टाइम गुजर चुका है लेकिन उनके फैंस का मानना है कि वह अब भी रिटायरमेंट से वापसी कर सकते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व आल राउंडर युवराज सिह ने एक बार फिर से मैदान पर अपना जलवा बिखेरने की तैयारी कर ली है। मंगलवार 2 नवंबर को उन्होंने अपने चाहने वालों के लिए यह खुशी की खबर शेयर की। सिक्सर किंग के छक्के को देखने के लिए तैयार उनके फैंस इस जानकारी के सामने आने के बाद से ही उत्साहित हैं।



इन दिनों भारतीय क्रिकेट टीम के आइसीसी टी20 विश्व कप में खेल रही है। टीम इंडिया का प्रदर्शन टूर्नामेंट के दोनों ही मुकाबले में निराशाजनक रहा है। ऐसे में अपने सुपर स्टार युवराज की वापसी की खबर यकीनन उनके लिए खुशी ही है। हालांकि इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके युवी लीग क्रिकेट में ही वापसी करने जा रहे हैं। कौन से टूर्नामेंट में वह खेलेंगे इसका खुलासा तो नहीं किया है लेकिन फरवरी में वह मैदान उतरने वाले हैं इसकी जानकारी फैंस को दी है।

युवराज सिंह के फैंस हालांकि रिटायरमेंट के बाद उन्हें टीम इंडिया की नीली जर्सी में नहीं देख पाए हैं लेकिन वह बीसीसीआई की इजाजत से दुनियाभर में लीग क्रिकेट खेल रहे हैं। इसके साथ ही युवराज इस साल रोड सेफ्टी सीरीज में भी खेलते हुए नजर आए थे। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि युवराज क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार हैं।

39 साल के युवराज ने इंस्टाग्राम पर धमाकेदार पोस्ट किया। उन्होंने बताया कि वह अगले साल फरवरी में क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। युवराज ने लिखा, ईश्वर आपका भाग्य तय करता है!! लोगों की मांग पर मैं पिच पर लौटूंगा शायद फरवरी में! इस जैसी और कोई दूसरी फीलिंग नहीं है! आप सबके प्यार और दुआओं के लिए शुक्रिया। ये मेरे लिए बहुत मायने रखती हैं। भारतीय टीम का सपोर्ट करते रहें यह महारी टीम है। और असली फैंस मुश्किल वक्त में टीम के लिए अपना सपोर्ट दिखाता है। युवराज की पोस्ट से यह साफ नहीं हुआ है कि क्या वह भारतीय टीम में वापसी की बात कर रहे हैं या टी20 लीग में। यह भी संभव है कि वह रोड सेफ्टी सीरीज की बात कर रहे हों। हालांकि यह जानने के लिए आपको फरवरी तक का इंतजार करना होगा।

# केएल राहुल होंगे न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम के कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारतीय टीम का प्रदर्शन बहुत खराब रहा है। टीम ने अभी तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं। खिलाड़ियों ने थकान को लेकर भी शिकायत की है। इस बात को ध्यान रखते हुए बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल सीरीज में सीनियर खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। खबर है कि वर्ल्ड कप के फौरन बाद होने वाली इस सीरीज में भारतीय टीम की कमान केएल राहुल संभाल सकते हैं। बोर्ड के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि राहुल इस जिम्मेदारी के लिए पहली पसंद है। सूत्र ने कहा, इसीनियर खिलाड़ियों को



कुछ आराम की जरूरत है। और यह किसी से छुपा नहीं है कि केएल राहुल इस टीम का अहम हिस्सा हैं और यह लगभग पक्का है कि वही टीम की कमान संभालेंगे। अच्छी बात यह भी है कि इस सीरीज के लिए फैंस को स्टेडियम में आने की इजाजत मिल सकती है। हालांकि इसके लिए कोविड-19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा।

बीसीसीआई सूत्र ने कहा, हम फैंस को स्टेडियम में आने की इजाजत देंगे लेकिन फुल कैपिसिटी में नहीं। हम स्थानीय प्रशासन से बात करेंगे और उस हिसाब से योजना तैयार की जाएगी।

टी20 सीरीज में सीनियर्स को आराम देने की बात करें तो जसप्रीत बुमराह ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद खिलाड़ियों की थकान का मुद्दा उठाया था। बुमराह ने कहा था, कई बार आपको ब्रेक की जरूरत होती है। आप लगातार छह महीने से खेल रहे हैं। तो यह सब कई आपके दिमाग में पीछे चल रहा होता है। लेकिन जब आप मैदान पर होते हैं तो आप इनके बारे में नहीं सोचते। कई चीजें आपके कंट्रोल में नहीं होतीं। शेड्यूल कैसा होगा और कौन सा टूर्नामेंट कब खेला जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज में तीन टी20 इंटरनैशनल और दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

## खुद के दम पर टी20 विश्व कप 2021 के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकती टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 24 अक्टूबर की रात से पहले तक भारतीय टीम को इस मेगा इवेंट की सबसे पसंदीदा टीम माना जा रहा था। यहां तक कि हर एक क्रिकेट पंडित इस बात का दावा कर रहा था कि टीम इंडिया खिताब जीत सकती है। हालांकि, अगले आठ दिन में टी20 विश्व कप के नए दावेदार सामने आ गए और टीम इंडिया का सफर लगभग समाप्त हो गया, क्योंकि भारत को पहले पाकिस्तान से और फिर न्यूजीलैंड से हार मिली और इस तरह अब टीम इंडिया आत्मनिर्भर नहीं है। भारतीय टीम अब अपने दम पर टी20 विश्व कप 2021 के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती है। सुपर 12 के दो ग्रुप बनाए गए हैं और दूसरे ग्रुप में भारत के अलावा पांच और टीमें हैं। भारतीय टीम इस 6 टीमों के ग्रुप में पांचवें पायदान पर है और अब भारत के पास खुद के दम पर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने का माद्दा नहीं है। अगर टीम एक और मुकाबला हार जाती है तो फिर आधिकारिक रूप से टीम इंडिया के टी20 विश्व कप का सफर समाप्त हो जाएगा।

## न्यूज डायरी



### इन्हें लगता है कि आईपीएल काफी है, इंटरनैशनल क्रिकेट को गंभीरता से नहीं लेते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम को लगता है कि भारतीय टीम ने अंतरराष्ट्रीय सीमित ओवरों के क्रिकेट को नजरअंदाज किया है। और इसी का नतीजा है कि टी20 वर्ल्ड कप 2021 में उनका प्रदर्शन खराब रहा है। पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ने कहा कि भारत ने इस वर्ल्ड कप से पहले भारत ने सीमित ओवरों में आखिरी बड़ी इंटरनैशनल सीरीज मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी। हालांकि भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले इंडियन प्रीमियर लीग में भाग लिया था लेकिन वसीम अकरम का कहना है कि यह कहीं से भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के स्तर का मुकाबला नहीं कर सकते है। वर्ल्ड कप तो छोड़ ही दीजिए। अकरम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की हार के बाद ए स्पोर्ट्स पर बातचीत से कहा, भारत ने अपने सभी सीनियर प्लेयर्स के साथ आखिरी लिमिटेड ओवर सीरीज मार्च में खेली थी। तो इससे पता चलता है कि वे अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

### भारत की प्लेइंग इलेवन से इस खिलाड़ी को क्यों रखा गया बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम में आर अश्विन का चयन इसलिए हुआ था, क्योंकि टीम को एक अनुभवी स्पिनर की तलाश थी। भले ही चार साल से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट अश्विन नहीं खेले थे, लेकिन उनको टीम में चुना गया था और प्रैक्टिस मैच में अश्विन ने शानदार गेंदबाजी भी की थी। हालांकि, टीम मैनेजमेंट ने पाकिस्तान के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ सुपर 12 के मैच में आर अश्विन को मौका नहीं दिया तो पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर ने हैरानी जताते हुए कहा है कि ये चांज का विषय है कि उनको प्लेइंग इलेवन में क्यों शामिल नहीं किया गया। मई के आखिर में जब भारतीय टीम इंग्लैंड गई थी तो वहां जून में आर अश्विन न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खेले थे, लेकिन इसके बाद उनको इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मौका नहीं मिला और न ही वे टी20 विश्व कप में अब तक खेले हैं। दिग्गज स्पिनर ने इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ वार्मअप मैच खेले थे और अच्छी गेंदबाजी भी की थी।

### जिस तरह धौनी इंडिया के लिए, उसी तरह इयोन मोर्गन इंग्लैंड के लिए हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली, एएनआइ। टी20 वर्ल्डकप 2021 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की टीम ने लगभग प्रवेश कर लिया है, क्योंकि इयोन मोर्गन की कप्तानी वाली टीम चार में से चार मैच जीत गई है और टीम का नेट रन रेट भी बेहतर है। इंग्लैंड की टीम के इसी प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने इयोन मोर्गन की तारीफ की है। दिनेश कार्तिक ने इयोन मोर्गन को इंग्लैंड की टीम का एमएस धौनी करार दिया है। कोलकाता नाइट राइडर्स में दिनेश कार्तिक भी मोर्गन की कप्तानी में खेल चुके हैं और मोर्गन दिनेश कार्तिक की कप्तानी में खेले हैं। मंगलवार को दिनेश कार्तिक ने कहा है कि जिस तरह भारत के लिए धौनी थे, उसी तरह इंग्लैंड के लिए मोर्गन हैं। दिनेश कार्तिक ने मोर्गन की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा कि इंग्लैंड को यूएई में जारी टी20 विश्व कप में हराना कठिन है।

### रोहित शर्मा समेत 5 खिलाड़ियों को मिला खेल रत्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2020 के विजेताओं को सोमवार को ट्राफी सौंपी क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण पिछले साल पुरस्कार समारोह का आनलाइन आयोजन किया गया था। विजेता महामारी के कारण अपनी ट्राफी और प्रशस्ति पत्र नहीं ले पाए थे। खेल मंत्रालय ने पिछले साल 29 अगस्त 2020 को 74 राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए थे जिसमें पांच राजीव गांधी खेल रत्न (अब नाम परिवर्तित करके मेजर ध्यानचंद खेल रत्न किया गया) और 27 अर्जुन पुरस्कार शामिल थे।